उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ- 226010

विज्ञप्ति संख्या- 14 (परीक्षा)/2016

सम्मिलित अमीन व अहलमद (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016

आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि- 11 मई, 2016   **आवेदन सबमिट किये जाने की अंतिम तिथि- 02 जून, 2016**

आयोग के विज्ञापन संख्या-11- परीक्षा/2016 द्वारा निदेशक, भूमि अध्यापति निदेशालय, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन "अमीन" के 124 पदों तथा "अहलमद" के 28 पदों, कुल 152 रिक्त पदों, जिनका आरक्षित श्रेणीवार विवरण नीचे सारणी में दिया गया है, के सापेक्ष लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन हेतु, भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाने हैं।

सारिणी

					रिक्त पदों का श्रेणीवार विवरण					
पद क्रम सं.	विभाग का नाम	पद नाम	वेतन बैन्ड/ वेतनमान/ ग्रेड पे	01 जुलाई, 2016 को आयु (न्यूनतम-अधिकतम वर्षों में)	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	कुल पद	पदों की प्रकृति
1-	निदेशक, भूमि अध्यापति निदेशालय,	अमीन	रु. 5200-20200/- ग्रेड पे-1900/-	18-40	56	27	02	39	124	स्थायी/ अस्थायी
2-	राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश, लखनऊ	अहलमद	रु. 5200-20200/- ग्रेड पे-1900/-	18-40	08	07	01	12	28	स्थायी/ अस्थायी

उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों तथा क्षैतिज आरक्षण से संबन्धित अन्य श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आरक्षण की सुविधा और प्रदेश सरकार के अद्यतन विद्यमान शासनादेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ अनुमन्य है, को अद्यतन विद्यमान शासनादेशों के अनुसार क्रमशः आरक्षण की सुविधा (विभाग द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर) एवं अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी। अतः उपर्युक्त पद पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थी, जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता रखते हों और जिनकी 01 जुलाई, 2016 को आयु 18 से 40 वर्ष हो, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक) :- उपर्युक्त सारणी-1 में उल्लिखित अमीन व अहलमद के पदों पर भर्ती हेतु विहित अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की इंटरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो, है। आवेदन की अंतिम तिथि तक उक्त विहित अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक) धारित करने वाले अभ्यर्थी ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अधिमानी अर्हता :- अमीन पद हेतु उन अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जायेगा जिन्होंने लेखपाल पद के लिए विहित प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया हो।

10- चयन का आधार :- लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार है। प्रश्नगत पदों पर चयन हेतु समूह 'ग' के पदों के लिए सीधी भर्ती प्रक्रिया नियमावली-2002 यथासंशोधित 2014 उत्तर प्रदेश समूह 'ग' के पदों के लिए सीधी भर्ती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली, अधिसूचना दिनांक 11 मई, 2015 में विहित प्रावधानों के अंतर्गत सीधी भर्ती की प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के अंक वही होंगे, जो राज्य सरकार के अनुमोदन से आयोग द्वारा निर्धारित किए जायेंगे। तद्नुसार लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा तिथि के संबंध में यथा समय सूचित किया जाएगा।

उपरोक्त पदों के संबंध में विज्ञापन की शर्तें, निर्धारित प्रारूप आदि का विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर दिनांक 11.05.2016 से उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन सबमिट (Submit) करने की अंतिम तिथि दिनांक 02.06.2016 है। इच्छुक अभ्यर्थी ई-चालान/ आई कलेक्ट के माध्यम से दिनांक 31.05.2016 तक अपना शुल्क जमा कर सकते हैं। आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 11.05.2016 से प्रारम्भ होगी।

अनुसचिव
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ

UP-106474 दिनांक : 6-5-16 विज्ञापन वेबसाइट **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है